# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

**वर्ष-3**

03 फाल्गुन, 1933 (श०)

बुधवार, तिथि ——————————

22 फरवरी, 2012 (ई०)

**प्रश्नों की कुल संख्या—71**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | .. | 23 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | .. | 20 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | .. | 03 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 14 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | . | .. | 04 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 01 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | .. | 04 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग .. | 71 |

## पथों का जीर्णोद्धार

*1. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के संझौली प्रखण्डान्तर्गत संझौली, सियावक भाया गढ़ुरा पथ, सुसाढ़ी मोड़ से अमैठी तक एवं काराकाट प्रखण्डान्तर्गत बरना मोड़ से कुरूर (भाया मोहनपुर) तक की पथों की स्थिति जर्जर रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयां होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा अप्रैल, 2011 एवं सितम्बर, 2011 में संबंधित स्थानीय एवं उच्चाधिकारियों से शिकायत किये जाने के बावजूद भी अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

## सड़क का चौड़ीकरण

*2. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत राजनपुर-करणपुर पथ कम चौड़ा होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई का सामाना करना पड़ता है तथा दुर्घटना भी होती रहती है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क पूरा करना

*3. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के मोकर पुल मुख्य नहर से बभनपुरवा तक सिंचाई विभाग के द्वारा वर्ष 2004-05 में सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ हुआ था तथा आधा कि०मी० तक चार लेयर मिट्टी की बिछाई भी हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण में लगे संवेदक द्वारा कार्य को अभीतक पूर्ण नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पुल का निर्माण

*4. श्री पदम पराग राय वेणु--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखण्ड अन्तर्गत कुसमाहा हाट से उत्तर सिंघिया नदी में पुल नहीं रहने के कारण कुसमाहा, हलेया, पोखरिया आदि गांव के लोगों को आने-जाने में असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार कबतक, उक्त पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन चालू कराना

*5. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर, चकरही, महुआंव पूर्व मुख्य मंत्री स्व० पं० बिन्देश्वरी दूबे के घर तक जाने वाली सड़क वर्षों से जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की विशेष मरम्मती कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथों का निर्माण

*6. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत सदर प्रखण्ड के छोटाई पट्टी-बेलही-छोटाई पट्टी मध्य विद्यालय तक, एन०एच० 57 गौसा घाट-करघट्टी रेलवे लाईन, बलिया भोली पंडित के घर-चौबटी-मधुबनी जिला सीमा तक का पथ विगत् 20 वर्षों से जर्जर हालत में है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*7. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के एन०एच० 98 पर बनिया बिगहा से ओयना, बहादुरपुर तक आवागमन के लिए कोई सड़क नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जगह पर पक्की सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रोन्नति देना

*8. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के जिला परिषदों में कार्यरत कनीय अभियंताओं को प्रोन्नति दिये जाने हेतु विभागीय प्रधान सचिव की अध्यक्षता में कमिटी गठित है, परन्तु नियमित रूप से उसकी बैठकें नहीं होने के कारण कनीय अभियंताओं को प्रोन्नति नहीं मिल रही है, यदि हां, तो क्या सरकार विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक कर जिला परिषद् के कनीय अभियंताओं को प्रोन्नति देने का विचार रखती है, यदि हां, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*9. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड अंतर्गत गौड़ारी-निरंजनपुर भाया सकला पथ वर्ष 2006-07 में ही प्रधान मंत्री सड़क योजना द्वारा स्वीकृत हुई थी, परन्तु अभीतक उक्त पथ का निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी असुविधा होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा जून, 2011 में स्थानीय एवं उच्च अधिकारियों से शिकायत किये जाने के बावजूद भी अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चेक डैम का निर्माण

*10. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखण्ड अन्तर्गत मकवा पंचायत से होकर सुंगठिया नदी गुजरती है;

(2) क्या यह बात सही है कि सुंगठिया नदी पर मकवा नहर के नजदीक एक चेक डैम के निर्माण से मकवा पंचायत के दो हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुंगठिया नदी पर मकवा नहर के नजदीक एक चेक डैम के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवागमन चालू कराना

*11. श्री जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिले के बांका प्रखण्ड के एकोरिया मुख्य नहर के चेन सं0 160 पर 1995 में बांका में आई भीषण बाढ़ में नहर पर बना पुल ध्वस्त हो गया है, जिससे बांका प्रखण्ड एवं बौंसी प्रखण्ड के पथ पर आवागमन बाधित है, यदि हां, तो सरकार आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बांध का निर्माण

*12. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत तातपौआ पंचायत के ए0आर0पी0 भट्ठा के निकट जमना धार पर छलका बांध एवं दिघल बैंक प्रखण्डान्तर्गत खान मंगुरा पी0एम0जी0 सड़क तथा लालपानी के मध्य स्वता बांध पर छलका बांध बांसबाड़ी तथा डुबाडांगी के मध्य सेंतीधार पर छलका बांध, हुबली डांगी से करवामुनी रोड सीमा तक भाया डांगी बस्ती, कुकुरमुनी, नीलकोठी नहर पर छलका बांध नहीं रहने के कारण क्षेत्र के हजारों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त स्थानों पर छलका बांध निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अधूरे कार्य को पूर्ण करना

*13. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के लखीसराय नगर परिषद् के विद्यापीठ चौक से जिला मुख्यालय तक सड़क का निर्माण 18 माह पूर्व में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क के किनारे आधा में नाली का निर्माण अधूरे छोड़ दिया गया हैं और रोड फ्लैंक भी नहीं बनाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त रोड में फ्लैंक निर्माण और आधे-अधूरे नाली का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़कों की मरम्मती

*14. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत रसलपुर-मनारा पथ भाया-धरमपुर, गोलापुर-बड़ारा पथ, सिलाव-भुई-पैजरा पथ, नालन्दा-परवलपुर पथ भाया वेन ग्रामीण कार्य विभाग का पथ है, जो जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

चहारदीवारी का निर्माण

*15. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड कार्यालय परिसर की चहारदीवारी नहीं होने से उसकी खाली पड़ी जमीन को काफी हिस्सों में अतिक्रमण कर झोपड़ी खड़ा कर दिया गया है तथा परिसर असुरक्षित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड कार्यालय की जमीन का अतिक्रमण मुक्त कर परिसर की चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*16. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय में कोई सरकारी निरीक्षण भवन (गेस्ट हाउस) नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड मुख्यालय होने के कारण उच्चाधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथि का आगमन होता रहता है परन्तु गेस्ट हाउस के अभाव में ठहरने में काफी परेशानी होती है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में निरीक्षण भवन हेतु उपर्युक्त जमीन उपलब्ध है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वजीरगंज में सरकारी गेस्ट हाउस निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुलिया का निर्माण

* 17. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में नई बाजार चौराहा से अनुमंडल पदाधिकारी के आवास तक, सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग से कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में एस०बी०आई० के ए०टी०एम० के समीप पुराना पुलिया का हालत जर्जर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ में जर्जर पुलिया का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

--------

जानकारी प्राप्त कराना

* 18. श्री संजय कुमार-- क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता ने अपने पत्रांक 676/11, दिनांक 12 मई, 2011 द्वारा वैशाली जिला के राजापाकर, रेशरी एवं सहदेई बुजुर्ग प्रखंडों में पड़ने वाले ग्रामों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए बी०आर०जी०एस० कार्यक्रम के तहत लाभ देने के संबंध में जिला पदाधिकारी, वैशाली से मांग की थी, जो अबतक अप्राप्त है, यदि हां, तो सरकार उक्त जानकारी प्रश्नकर्त्ता को कबतक प्राप्त कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य प्रारंभ कराना

* 19. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गोपालगंज में बैकुण्ठपुर प्रखंड के बखरी, राजापट्टी, गम्हारी सिंधवलिया प्रखंड के सिंधवलिया, महम्मदपुर और बरौली प्रखंड के लड़ौली, बेलसंड, मोहनपुर, कमालपुर आदि स्थलों पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2005-06 में ही दी गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवनों के निर्माण हेतु सरकार द्वारा राशि आवंटित एवं विमुक्त होने के पश्चात् अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

* 20. श्री रामनरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पथ निर्माण विभाग की कुम्मा-बेला पथ पिछले चार वर्षों से अर्द्ध निर्मित अवस्था में है तथा निर्धारित समय-सीमा समाप्त हो चुकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का काम पूरा नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लुईस गेट का निर्माण

* 21. श्री मोतीलाल प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रीगा प्रखंड स्थित कुसमारी पंचायत में बागमती नदी के पुरानी धार पर पांच वर्ष पूर्व स्लुईस गेट का निर्माण कराया गया था, जिससे क्षेत्र में सिंचाई होती थी, जो विगत 2 वर्ष पहले टूट गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कुसमारी पंचायत में नया स्लुईस गेट बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

* 22. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड सोनवर्षा के संस्थाली मेन नहर से रघुनाथपुर गांव के आगे तक के ग्रामीण सड़क विगत दस वर्षों से काफी जर्जर स्थिति में है, जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक, संस्थाली मेन नहर से रघुनाथपुर गांव के आगे तक ग्रामीण सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

* 23. श्री मोतीलाल प्रसाद-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रीगा प्रखंड में रीगा से परसौनी तक सड़क का निर्माण पिछले 3 (तीन) वर्षों से कराया जा रहा है, जो अबतक अधूरा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

--------

पथ की मरम्मती

* 24. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ 81 में 0 से 19.1 वें कि०मी० तक सड़क जर्जर है, जिससे आमजनों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार इस पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का निर्माण

*25. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखंड के गेरूआ परसंडा पंचायत अंतर्गत खैरमा से सेठना क्वाटरवेज तक 3 कि०मी० पथ बरसात के दिनों में डूब जाने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथों का निर्माण

*26. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखण्ड के अरवल-जहानाबाद मुख्य पथ से ग्राम बिलरमल बिगहा-महरियां तक, करपी शहर तेलपा मुख्य पथ से ग्राम वाजीतपुर पकरी शहर तेलपा तक, ग्राम चौरम मोड़ से तीतरा बस्ती बिगहा दोर्रा होते हुए तेर्रा तक, करपी थाना से बघरा होते हुए जोन्हा तक, ग्राम मुहम्मदपुर पथ से नादी उच्च विद्यालय होते हुए नादी तक आजादी के 61 साल पूरा होने पर भी पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उपर्युक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथ की मरम्मती

*27. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखण्ड स्थित नूरचक-पतौना-उपराही-परसौनी-भागे चौक-कटैया-बेनीपट्टी मुख्य सड़क तक की सड़क काफी जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## आवागमन चालू कराना

*28. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं० 104 चकिया से शिवहर के बीच फतेहपुर कन्याजी पुल चार वर्षों से बनकर तैयार है, परन्तु एप्रोच सड़क नहीं बनने के कारण बरसात में पानी हो जाने के कारण आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का एप्रोच पथ बनाकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुख्य सड़क से जोड़ना

*29. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगियांव प्रखण्ड के मिश्रथलिया ग्राम की आबादी एक हजार (1000) रहने के बावजूद आजतक उक्त गांव को मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने हेतु सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चेकडैम का निर्माण

*30. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उगमा पंचायत में गिधवा नाला अवस्थित है, परन्तु चेकडैम के अभाव में उगमा पंचायत के लगभग चार हजार हेक्टेयर भूमि असिंचित है, यदि हां, तो क्या सरकार गिधवा नाला पर चेकडैम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तटबंध का विस्तार

*31. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड स्थित भूतही बलान पूर्वी तटबंध का विस्तार रामनगर गांव से मटरस गांव तक नहीं होने के कारण दो दर्जन गांव बाढ़ से असुरक्षित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त तटबंध का विस्तार करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सिंचाई सुविधा देना

*32. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड के कमला पश्चिम नहर उप-शाखा के वीरपुर दिघिया से पंचरत्न डोरा तक उप-वितरणी नहर 20 वर्ष पहले चालू हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वितरणी में गाद भर जाने के कारण पानी आना बन्द हो गया है जिस कारण सैकड़ों एकड़ फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वितरणी नहर को कबतक सफाई कराकर सिंचाई सुविधा बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

नहर बनाना

*33. श्री राज कुमार राय—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखण्ड के सालेपुर पंचायत के अगरौल चौर से करही मोइन तक विगत 10 वर्षों से जल-जमाव रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर जल निकासी हेतु नहर नहीं होने के कारण प्रतिवर्ष किसानों का हजारों एकड़ जमीन आबाद नहीं होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वहां जल निकासी हेतु नहर बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*34. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड प्रखण्ड में माड़रघाट के निकट बागमती नदी में एस०पी० सिंगला एण्ड कम्पनी लि० द्वारा पुल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाये जाने के कारण पुल पर बिम्ब डालने के दौरान फूट टूट जाने के कारण तीन मजदूर बुरी तरह से जख्मी हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले पुल के बारे में घटिया सामग्री की आपूर्ति के विरुद्ध प्रश्नकर्त्ता द्वारा जिले के वरीय पदा० को जून, 2011 में ही शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*35. डॉ० इजहार अहमद—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा तथा सहरसा जिला को आपस में जोड़ने वाली बिरौल अनुमण्डल के पुनॉच कोठराव और जमालपुर बौराम सम्पर्क पथ के बीच कमला नदी में सेतु का निर्माण नहीं होने से 50 हजार लोगों का दरभंगा एवं सहरसा आदि स्थानों पर आने-जाने में भारी कठिनाइयां हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*36. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा सहार रोड से खोपिरा रोड तक पथ जर्जर है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रजवाहों का निर्माण

*37. श्री संजय सिंह(टाइगर)—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सोन नहर से जुड़े भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर रजवाहा, बिछियांव रजवाहा, जैतपुर रजवाहा, असनी रजवाहा तथा चन्दवा रजवाहा सहित अनेक रजवाहों की स्थिति कच्ची होने तथा सफाई व रख-रखाव के अभाव में अत्यंत जर्जर है, जिससे सिंचाई बाधित होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त रजवाहों के पक्कीकरण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*38. डॉ० दाउद अली—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव स्थित एन०एच० 30 मलियाबाग से एन०एच० 84 पुराना भोजपुर तक पथ का निर्माण नहीं होने से यातायात में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*39. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गया से शेरघाटी वाया चेरकी पथ, पथ निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि शेरघाटी थाना के पास नई बाजार से कठार समोदबिगहा मोड़ तक सड़क के दोनों किनारे घनी आबादी निवास करती है;

(3) क्या यह बात सही है कि पानी के सही निकास नहीं रहने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेरघाटी थाना नई बाजार से समोदबिगहा आहर तक सड़क के दोनों किनारे नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

योजनाओं को पूर्ण कराना

*40. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दिनांक 20 जनवरी, 2012 में प्रकाशित शीर्षक ''भू-अर्जन के पेंच में फंसी परियोजनाएं'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भू-अर्जन की पेंच में सिंचाई की बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाएं पश्चिमी कोशी नहर, दुर्गावती जलाशय, वाणसागर तथा बटाने परियोजनाएं फंसी हुई हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परियोजनाओं को क्रमशः मार्च, 2013 मार्च, 2014, 1990 तथा मार्च, 2011 तक पूर्ण कर देने का लक्ष्य है जो वर्तमान स्थिति में संभव नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त परियोजनाएं केन्द्र सरकार की टालमटोल एवं बिहार के प्रति भेदभाव पूर्ण नीतियों के कारण अधर में लटक गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महत्वाकांक्षी योजनाओं को पूर्ण कराने हेतु कौन-सा कारगर कदम उठाने का विचार रखती है ?

पथ का सुदृढ़ीकरण

*41. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ-81 में 30.25 वें कि०मी० से 55.4 वें कि०मी० पश्चिम बंगाल सीमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ है;

(2) क्या यह बात सही है कि इसी पथ में 28.6 वें कि०मी० से 30.25 वें कि०मी० तक पथ का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य नहीं किया जा रहा है जिससे आवागमन में भारी कठिनाई के साथ-साथ दुर्घटनाएं भी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राष्ट्रीय उच्च पथ के उक्त अंश का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

नलकूपों को चालू कराना

*42. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के सरहचिया, मानिक चौक, टिकौली, थुम्मा का ट्रांसफॉर्मर एवं तकनीकी खराबी के कारण विगत 10 वर्षों से नलकूप बन्द है, जिससे किसानों का कृषि कार्य समय पर नहीं हो पाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*43. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखण्ड के अरवल-जहानाबाद मुख्य पथ के भदासी मोड़ से रोहाई होते हुए बस्ती विगहा तक, उच्च विद्यालय नादी से पावर स्टेशन खुजरी तक, उच्च विद्यालय नादी से मुरारी तक, बस्ती विगहा से बकैया रोड तक तथा नेशनल हाइवे-110 के जीनपुरा कनईया चक से झिकटिया तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है जिससे ग्रामीणों को यातायात में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उपर्युक्त ग्रामों में पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*44. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम मुख्यालय में महिला औद्योगिक शिक्षण-प्रशिक्षण केन्द्र नहीं होने के कारण महिला छात्राओं को दूसरे राज्यों में जाने पर मजबूर होना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार प्रत्येक जिला में महिला औद्योगिक शिक्षण-प्रशिक्षण केन्द्र खोलने जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम में महिला औद्योगिक शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र खोलने पर विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

कैनाल का पक्कीकरण

* 45. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर विधान-सभा क्षेत्र के अंतर्गत बदुआ कैनाल जोरो से लेकर वेराई तक, रामपुर से अदास तक, रामपुर मनीया मोड़ से गोगाचक तक, गोगाचक से खैराती एवं गोगाचक से अठौरिया उधाडीह तक का कैनाल के पक्कीकरण नहीं होने से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कैनाल को पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

--------

पथों की मरम्मती

* 46. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के अंतर्गत मटिहानी प्रखण्ड के सफापुर गांव की सड़क राजकीय नलकूप से लालपुर तक एवं भैरवार चौक से महम्मदपुर तक जर्जर हो गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

--------

भवन का निर्माण

* 47. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के नालंदा, किशनगंज, पूर्णियां, नवादा, लखीसराय तथा गोपालगंज जिले के सिंधवलिया में प्रखण्ड मुख्यालय के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में राशि 02,12,91,600 आवंटित थी;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2009-10 में ब्लौक भवन निर्माण हेतु एस्टीमेट रिभाईज कर ग्रामीण विकास विभाग को स्वीकृति हेतु भेजी गयी थी, परन्तु अब तक उपरोक्त किसी भी जिले में ब्लौक भवन का निर्माण नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ब्लौक भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

दोषी पर कार्रवाई

* 48. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत बिहियां चौरस्ता सलेमपुर पथ, शाहपुर-धौरी पथ एवं बनाही से बनकट पथ का निर्माण कार्य एन०पी०सी०सी० लिमिटेड, पटना द्वारा कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमानुसार सड़कों का निर्माण कार्य अक्तूबर, 2006 तक ही पूर्ण हो जाना चाहिए था परंतु आज-तक पूर्ण नहीं कराया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता के पत्रांक 289, दिनांक 1 नवम्बर, 2011 द्वारा मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग से इन सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का अनुरोध किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने एवं कार्य में विलंब करने वाले उक्त एजेंसी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

चेकडैम का निर्माण

*49. श्री अशोक कुमार सिंह-- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड अंतर्गत नीमा पंचायत में अरीबोरबा घाट अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अरीबोरबा घाट में चेकडैम के अभाव में उक्त पंचायत के आसपास के दो हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार अरीबोरबा घाट पर चेकडैम बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*50. डॉ० अब्दुल गफूर-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत बगाँव गाँव महिषी पथ आवागमन के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है जिसके चौड़ीकरण नहीं होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है तथा दुर्घटना भी होती है, यदि हां, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*51. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गया-नवादा सड़क से चिरैला गावँ सुमरिया बांध होते हुए गया फतेहपुर रोड तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को यातायात में काफी कठिनाई का सामाना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*52. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक-बिरनामा-पिपरापोखर-चोखर-कचना मोड़ पथ की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे वाहनों का परिचालन अवरुद्ध है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित कर निर्माण कराने का विचार रखती है ?

राशि खर्च नहीं करने का औचित्य

*53. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार में दिनांक 3 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक '' राशि खर्च करें नहीं तो होगी कार्रवाई'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 में बजट में जल संसाधन विभाग को 2359.88 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जिसमें से अबतक 756.66 करोड़ रुपये ही खर्च हो पाया है, जो मात्र अबतक 32% ही राशि खर्च की गयी है

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त राशि खर्च नहीं करने का क्या औचित्य है ?

--------

कार्य पूर्ण कराना

*54. श्री राज कुमार राय-- क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के हसनपुर प्रखण्ड के सकरडीहार गाँव में 10 साल पहले तीन माह के अंदर राम प्रसाद सहनी के घर के निकट सामुदायिक भवन का निर्माण कराना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभिकर्त्ता द्वारा दस साल पहले 2 लाख अग्रिम लिया गया परन्तु कार्य सिर्फ ईंट जुड़ाई का कार्य कर छोड़ दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अभिकर्त्ता पर कार्रवाई करते हुए भवन ढलाई के साथ बचे कार्य करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*55. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अवरल जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के एन०एच० 98 पर हसनपुर से अमरा सह बवन बिगहा में यातायात की कोई सुविधा नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पक्की सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*56. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रून्नीसैदपुर विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मोरंग से ओलीपुर, मौना, महिन्दवारा, सुगरीडीह पथ विगत् 7 वर्षों से बिल्कुल जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*57. श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परवाहा-लालबन्दी पी०डब्लू०डी० पथ में नरंगा हनुमान मंदिर के निकट एवं जगपर के निकट हरदी नदी में पुल बाढ़ से ध्वस्त हो चुका है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों पुल को बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*58. श्रीमती रंजु गीता—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड के मधुबन बसहा (पश्चिमी) पंचायत के बसहा संस्कृत विद्यालय से भलही होते हुए महमदपुर प्रधान मंत्री सड़क में जाकर मिलती है, जिसकी लम्बाई लगभग 07 कि०मी० है, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*59. डॉ० इजहार अहमद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "बनने के चार माह बाद टूटा स्मारक" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला स्थित टावर के सौन्दर्यीकरण कार्य वित्तीय वर्ष 2010-11 में 50 लाख के खर्च से कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित टावर में इतनी राशि खर्च होने के पश्चात् मात्र 4 महीने में ही चहारदीवारी टूट गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कर सौंदर्यीकरण करने वाले संबंधित कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*60. श्री रामदेव महतो—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर प्रखण्ड के न्यू स्टाईल टेलर्स, रामपट्टी से लेकर छेदी महतो के घर तक की सड़क को पी०सी०सी० करने का प्राक्कलन कार्यपालक अभियंता, ग्रा०का०वि० सड़क, मधुबनी ने दिनांक 9 अप्रील, 2011 को सचिव, ग्रा०का०वि०, बिहार, पटना को भेज दिया है लेकिन उक्त सड़क के प्राक्कलन को अभीतक स्वीकृति नहीं मिली है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क बुरी तरह से जर्जर हो गया है, जिसके कारण आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव की रोकथाम

*61. डॉ॰ जावेद इकबाल अंसारी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिले के बाराहाट प्रखण्ड का सरूका, बजडा, बेलटीकरी, चंडीडीह, मोहानी, दहला, गोविन्दपुर नगरी, कचमचिया आदि गाँव सुखनियाँ नदी के तट पर बसे रहने के कारण बरसात के दिनों में सुखनियाँ नदी के तेज बहाव के कारण कटाव से प्रभावित है, यदि हां, तो क्या सरकार इन गाँवों को कटाव से रोकने के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नहर का निर्माण

*62. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखण्ड के देवधा उत्तरी एवं देवधा मध्य पंचायत में सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण किसानों को फसल की सिंचाई करने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नहर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नेशनल पथ की मरम्मती

*63. श्री अख्तरूल ईमान—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''बिगड़ी एन॰एच॰ की सूरत'' के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में राज्य में 1800 कि॰मी॰ नेशनल हाईवे की हालत काफी बदतर हो गयी है जिससे यातायात में कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 में राज्य सरकार ने नेशनल हाईवे के निर्माण/मरम्मतीकरण के लिए 1061 करोड़ रुपया का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को दिया था जिसके विरुद्ध केन्द्र द्वारा अबतक कुछ भी राशि राज्य को आवंटित नहीं किया गया है जबकि चालू वित्तीय वर्ष का दो माह शेष रह गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड एक में वर्णित नेशनल हाईवे की मरम्मती करने के लिए कौन-सी कार्रवाई कर रही है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*64. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखण्ड में वाया नदी पर दादुपुर घाट में सांसद निधि से 81 लाख लागत पर पुल का निर्माण वर्ष 2002 में करवाया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का एप्रोच पथ एवं बोल्डर पीचिंग सुनिश्चित रोजगार योजना द्वारा 62 लाख की लागत से करवाया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि निर्माण के दौरान ही पुल का पाया टूट जाने से पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे आवागमन अवरुद्ध है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

* 65. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बन रही सड़कों के लिए प्राप्त राशि में से प्रशासनिक खर्च 1 प्रतिशत, यात्रा खर्च 0.50 प्रतिशत, प्रबंध खर्च 0.25 प्रतिशत और स्वतंत्र गुणवत्ता मोनेटरिंग (द्वितीय स्तर) मद में 0.50 प्रतिशत खर्च करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010-11 में उपरोक्त राशि सभी प्रमण्डलों को उपलब्ध कराई गयी परंतु उसके खर्च का ब्यौरा नहीं दिये जाने के कारण केन्द्र सरकार को उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं कराया जा सका है जिसके कारण राज्य को प्राप्त होने वाले अनुदान के बंद हो जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रशासनिक खर्च आदि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलबध नहीं कराने वाले लोगों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

पथ का पक्कीकरण

* 66. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां प्रखण्ड में धमौल-ढोढा पथ में नाटा नदी पर वर्ष 2008-09 में पुल का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के दोनों तरफ पहुंच पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल के दोनों तरफ पहुंच पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

मिसिंग लिंक का निर्माण

* 67. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत मुरिया-नैनाघाट-पैठान कबई-राघोपुर पथ की लम्बाई 20 कि०मी० है;

(2) क्या यह बात सही है कि नैना घाट से पैठान कबई पथ में 01 कि०मी० मिसिंग लिंग के कारण एक मुख्य सड़क का आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मिसिंग लिंक का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

- - - - -

सड़क को पी०सी०सी० करना

* 68. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखण्ड पतरघट अंतर्गत कपसियाचौक से कपसिया मेन सड़क विगत् वर्षों से जर्जर स्थिति में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की पी०सी०सी० ढलाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

भवन का निर्माण

* 69. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखण्ड का कार्यालय भवन एवं पदाधिकारी/कर्मचारी का आवासीय भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिससे बरसात के दिनों में कार्यालय कार्य प्रभावित होता है, यदि हां, तो क्या सरकार कार्यालय भवन एवं आवासीय भवन का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

ऊँचाई कम करना

* 70. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के अन्धराठाढ़ी प्रखण्ड के महरैल चौक से हरड़ी मध्य विद्यालय तक सड़क में चार पुलिया पर पांच-पांच फीट की ऊँचाई करके ढलाई कर दिया गया जिसके कारण विद्यालय आने-जाने में छात्राओं एवं शिक्षकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 1610, दिनांक 15 अप्रील, 2011 का०अभि०ग्रा०का०वि० मधुबनी उक्त ऊँचाई को कम करने का आदेश दिया गया था, लेकिन अभी तक ऊँचाई कम नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक ऊँचाई कम करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

बांध का निर्माण

* 71. श्री नौशाद आलम --क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखण्डान्तर्गत धारोधादनी से पासवान टोला नेमुगुड़ी तक, भनकरद्वारी से कोलहाबस्ती तक, दोहनों एवं मेची नदी के संगम से उत्तर दुराघाटी तक वर्षा आते ही नदियों का जलस्तर ऊपर आ जाता है एवं नदियों का पानी चढ़ जाता है जिससे सैकड़ों एकड़ उर्वर भूमि फसल सहित जलमग्न हो जाता है एवं दर्जनों गांव जलमग्न हो जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर बांध एवं बोल्डर पीचिंग कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

पटना:
दिनांक 22 फरवरी, 2012 ई०।

लक्ष्मी कान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

बि०स०मु० (एल०ए०) 101-डी०टी०पी०-450